# प्रेमचंद की स्मृति में सांस्कृतिक संध्या, गीतों से दी गई श्रद्धांजलि



दीप प्रज्ज्वलन करते हुए निदेशक प्रभारी प्रो. संजीव प्रशर। ● आइआइएम

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायपुर : आइआइएम रायपुर ने महान हिंदी लेखक मुंशी प्रेमचंद की स्मृति में गुरुवार को एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का संचालन 'रंग' सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया, जिसमें नाटक, कविता, संगीत और नृत्य के माध्यम से प्रेमचंद की साहित्यिक धरोहर को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रभारी प्रो. संजीव प्रशर ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके पश्चात, 'कलम से क्रांति तक' नामक लघु डाक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें प्रेमचंद के लेखन के सामाजिक प्रभाव और राष्ट्र चेतना में उनके योगदान को उजागर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'करीम के जूते' का नाट्य मंचन रहा, जिसमें सामाजिक दिखावे, भौतिक आग्रह और आत्मसम्मान के मुद्दे को व्यंग्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने मौलिक कविताएं सुनाकर प्रेमचंद की कहानियों की सादगी और संवेदना को आधुनिक संदर्भ में जोड़ा। 'नाट्य नित्र' शीर्षक नृत्य प्रस्तुति में गरीबी, नशे और पारिवारिक विघटन जैसे विषयों को मार्मिकता से दर्शाया गया।

Nai Dunia 02 August 2025, P.04